# मेरी छोटी सी किशोरी बड़ी प्यारी लागे भजन लिरिक्स

मेरी छोटी सी किशोरी,
बड़ी प्यारी लागे,
वृषभानु की दुलारी,
बड़ी प्यारी लागे,
प्यारी लागे सुकुमारी लागे,
मेरी नन्ही सी किशोरी,
बड़ी प्यारी लागे।bd।

---

छोटी सी किशोरी की,
बड़ी बड़ी अँखियाँ,
छोटी सी किशोरी की,
बड़ी बड़ी अँखियाँ,
अँखियों में कजरे की धार साजे,
मेरी नन्ही सी किशोरी,
बड़ी प्यारी लागे।bd।

---

छोटी सी किशोरी के,
पाँव में पायलियाँ,
पाँव में पायलियाँ रे,
पाँव में पायलियाँ,
वा तो नाचे जब छमा छम
छम छम बाजे,
मेरी नन्ही सी किशोरी,
बड़ी प्यारी लागे।bd।

---

रंग रंगीली छैल छबीली,
छैल छबीली गुण गरविली,
रूप रसीली अति शर्मीली,
ये तो कोटि चन्द्र उजियारी लागे,
मेरी नन्ही सी किशोरी,
बड़ी प्यारी लागे।bd।

---

बृजेश्वरी राजेश्वरी राधे,
परिपूर्ण परमेश्वरी राधे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तीन लोकन ते न्यारी लागे,
मेरी नन्ही सी किशोरी,
बड़ी प्यारी लागे।**bd**।

---

मेरी छोटी सी किशोरी,
बड़ी प्यारी लागे,
वृषभानु की दुलारी,
बड़ी प्यारी लागे,
प्यारी लागे सुकुमारी लागे,
मेरी नन्ही सी किशोरी,
बड़ी प्यारी लागे।**bd**।

स्वर – बृज रस अनुरागी पूनम दीदी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com